91/17 सरकार V/S कपा वगैरा

तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
08.5.18	पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान 2018 में अटल सेवा केन्द्र कोशलू में पेश हुई। प्रार्थी पक्ष की ओर पैरोकार सरकार नायब तहसीलदार (कोर्ट) सिणधरी उपस्थित। विप्रार्थी संख्या 1 व 2, 4 से 17 एवं 19 से 50 एकतरफा। विप्रार्थी संख्या 3 व 18 के वारिसान को राजस्व लोक अदालत नोटिस जारी किये गये। जो बाद तामिल प्राप्त हुए। जो शामिल मिसल हो। उक्त विप्रार्थीगण बावजूद सूचना के अनुपस्थित है। प्रार्थी पक्ष की ओर से दिनांक 30.4.18 को प्रार्थना वास्ते– विप्रार्थी संख्या 3 व 18 की फौत होने पर वारिसान को रिकोर्ड पर लेने बाबत् प्रार्थना पत्र पेश की गयी थी, जो आज शामिल पत्रावली हो। जिस पर प्रार्थी पक्ष की बहस सुनी गई। जो न्यायहित में स्वीकार की जाती है एवं उसके वारिसान को रिकार्ड पर लिया जाता है। आगे ओर प्रार्थी पक्ष की ओर से निवेदन किया गया, कि विवादित भूमि मे दर्शित रकबा निजी खातेदारी में दर्ज है। जिसकी किस्म बा.सोयम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। लेकिन प्रस्तावित रकबा आम जन के आने जाने हेतु रास्ते के रूप मे उपयोग आ रहा है। जिसे राजस्व रिकार्ड में गै.मु.रास्ता दर्ज किया जावे। **हमने** प्रार्थी पक्ष को सुना। और पत्रावली के सलंग्न राजस्व रिकार्ड,दस्तावेजात का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन किया। तथा तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया गया। जिसमे पाया कि,आवेदन मे दर्शित विवादित भूमि का रकबा किस्म बा.सोयम में दर्ज है। जिसकी मौके पर उक्त प्रस्तावित रकबा का आमजन के आने जाने हेतु रास्ते के रूप में उपयोग मे लिया जा रहा है। विप्रार्थीगण के नोटिस तामिल प्राप्त हुए थे, जो बावजूद सूचना के हाजिर नहीं हुए है। इससे प्रतीत होता है कि विप्रार्थीगण को प्रस्तावित रकबे को गै.मु. रास्ता दर्ज किये जाने में आपत्ति नहीं है। और तहसीलदार सिणधरी द्वारा भी उक्त रकबे की किस्म बा.सोयम के स्थान पर गै.मु.रास्ता दर्ज करने की सिफारिश की गई है। इस प्रकार अदालत को गै.मु. रास्ता दर्ज किये जाने में कोई आपर्ति प्रतीत नही होती है। **लिहाजा** प्रार्थी का आवेदन लोकभावना एवं जनहित को मध्यनजर रखते हुए स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखवाया जाकर सुनाया गया और शामिल मिसल किया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।	

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

राजस्व लोक अभियान
न्याय आपके द्वार–2018

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

क्रमांकः/राजस्व/2018/ 885 दिनांक 8.5.18

प्रकरण सं.:–91/2017

–::आदेश::–

श्रीमान जिला कलक्टर बाड़मेर के पत्रांकःप.12()(1)राजस्व/2016/7205–40 दिनांक 10.10.2016 प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि राजस्व **ग्राम** गंगापुरा **पटवार मण्डल** कोशलू तहसील सिणधरी की जमाबंदी संवत् 2072–2075 के अनुसार निम्नांकित भूमि निजी खातेदारी में दर्ज है। लेकिन आवेदन में प्रस्तावित रकबानुसार मौके पर रास्ते के उपयोग में आ रही है, जिसे तहसीलदार सिणधरी द्वारा गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करवाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया।

भूमि धारक तहसीलदार सिणधरी द्वारा अनुशंषा किये जाने पर राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 130,131 एवं 136 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 60(एच) के तहत राजस्व **ग्राम** गंगापुरा **पटवार मण्डल** कोशलू तहसील सिणधरी की निम्नांकित निजी खातेदारी को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव व नजरी नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

क्र. स.	खातेदार का नाम	ख.न.	कुल रकबा (बीघा)	किस्म	रास्ते हेतु मौके अनुसार प्रस्तावित भूमि	
					रकबा	किस्म
1	रूपा आदा गंगा पि.भगा गुमना पेमा राजू मगा माना पि.खुमा रूखमो पत्नि खुमा कानाराम वल्द पनाराम चनणी पत्नि पनाराम वाला वल्द भगा फुआ देवा जाला पि.हुकमा गुमना रामा पि. लाला पारू पत्नि लाला वेहना पि.मोती खीयाराम कानाराम पि.रेखाराम पदमों पत्नि रेखाराम कौम जाट सा.देह खातेदार	212	686-02	बा.सोयम	2-12	गै.मु.रास्ता
2	उर्जा वल्द कुशला कौम जाट सा.देह खातेदार	206/8	49-15	बा.सोयम	2-08	गै.मु.रास्ता
3	खेराजराम वल्द जोधाराम कौम जाट सा.देह खातेदार	206/4	51-02	बा.सोयम	1-00	गै.मु.रास्ता
4	राहा जेहा पुरखा केसा पि. सालू पुराराम नरसींगाराम खेराजराम पि.गोरधनराम धुड़ीदेवी पत्नि गोरधनराम खरथाराम वल्द भूराराम	204/4	59-15	बा.सोयम	2-16	गै.मु.रास्ता

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

	जमनादेवी पत्नि भूराराम माना माला पि.सोना हेमी पत्नि सोना दूदा पुत्र जगराम इमरती पत्नि जगराम वगता मेघा वेहना ठाकरा पि.वाला हीरो पत्नि वाला भैराराम खेमाराम हरजीराम पि.पोकरराम सारोदेवी पत्नि पोकरराम राहिंगा वल्द हीरा रामा पुत्र धना बबरी पत्नि धना कौम जाट सा.देह खातेदार					

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

क्रमांकः /राजस्व/2018/ 886-87

दिनांक 8.5.18

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक पालनार्थ।

1. श्रीमान जिला कलक्टर,बाड़मेर।
2. तहसीलदार सिणधरी।

उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

Scanned by CamScanner